राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
सीनियर सेकेंडरी कोर्स : जनसंचार (335)
पाठ 13: भारत में टेलीविजन
वर्कशीट-13

1. टेलीविजन के उद्भव की विभिन्न तिथियों को सारणी के माध्यम से प्रदर्शित कीजिए एवं उन तिथियों से संबंधित पांच उपयोगितओं को लिखिए।
2. भारत में टेलीविजन का पहला प्रसारण कब हुआ। प्रसारित होने वाले पहले कार्यक्रम की पटकथा को अपने शब्दों में लिखिए।
3. **ए.आइ.आर** (ऑल इंडिया रेडियो) से दूरदर्शन कब अलग हुआ। स्वतंत्र विभाग के रूप में दूरदर्शन ने कब कार्य करना शुरू किया। इस संबंध में 100 शब्दों की टिप्पणी लिखिए।
4. सैटेलाइट इंस्ट्रक्शनल टेलीविजन एक्सपेरिमेंट (एसआईटीई-साइट) भारत में कब शुरू हुआ। **साइट** के बाद से विभिन्न प्रसारण तकनीकों को सारणी के माध्यम से प्रदर्शित कीजिए।
5. विश्व में टेलीविजन पर रंगीन प्रसारण कब शुरू हुआ। इस संबंध में तर्क सहित उत्तर दीजिए।
6. धारावाहिक, हमलोग, बुनियाद तथा नुक्कड़ कार्यक्रमों के एक-एक सीरियल देखिए एवं अपने परिवार के साथ सभी कार्यक्रमों की एक-एक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। उपरोक्त कार्यक्रमों के लिए यूटयूब की सहायता ले सकते हैं।
7. ज्ञानदर्शन एवं ज्ञानवाणी में प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों का तुलनात्मक अध्ययन कीजिए।
8. भारत में पांच शुरूआती निजी (प्राइवेट) टेलीविजन को सारणी के माध्यम से प्रदर्शित कीजिए। इस संबंध में सर्वोच्चय न्यायालय के आदेश पढ़े एवं अपने अनुभव के आधार पर उत्तर दीजिए।
9. स्वयंप्रभा, स्वयं एवं दीक्षा पोर्टल पर शिक्षा से संबंधि शिक्षण सामग्री का तुलनात्मक अध्ययन कीजिए एवं सारणी के माध्यम से इन विभिन शिक्षा पोर्टलों के स्थापना की तिथि लिखिए।

10.टेलीविजन का दैनिक जीवन में क्या उपयोग है, इस संबंध में अपने परिवार से चर्चा कीजिए। टेलीविजन के उपयोग को सामाजिक, मनोरंजन, सूचना एवं ज्ञान के सृजन के आधार पर विभाजित कीजिए।